बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

दिनांक 30.01.2019 को विज्ञापन संख्या – 02/2017, सहायक अभियंता, असैनिक अभियंता (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के परीक्षाफल में अंकित कट–ऑफ अंक के संबंध में स्पष्टीकरण

सहायक अभियंता, असैनिक अभियंता (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा (वि०सं० 02/2017) का परीक्षाफल दिनांक 30.01.2019 को प्रकाशित किया गया था। उक्त परीक्षाफल के साथ ही आरक्षण कोटिवार कट–ऑफ अंक भी जारी किया गया था।

अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) कोटि के कट–ऑफ अंक के संबंध में स्पष्ट करना है कि उक्त कोटि के अन्तर्गत 10 गुणी संख्या के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होने के कारण निशक्त उम्मीदवारों सहित सभी उम्मीदवार उक्त कोटि के अन्तर्गत कुल 999 सफल उम्मीदवारों की सूची में शामिल हैं। **उक्त कोटि के अन्तर्गत सफल घोषित कुल 999 उम्मीदवारों में अन्तिम दो उम्मीदवार निशक्त कोटि के हैं जिन्हें क्रमशः 49 एवं 48 अंक प्राप्त हैं जिसके कारण परीक्षाफल के साथ जारी कट–ऑफ अंक में अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) कोटि का कट–ऑफ अंक 48 लिखा गया। उक्त परीक्षाफल में निशक्त उम्मीदवारों को छोड़कर अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) कोटि का कट–ऑफ अंक – 50 है।** उल्लेखनीय है कि कुल 146 अंकों के अनुसार अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) पुरूष कोटि के लिए 34% अंक के अनुसार न्यूनतम अर्हतांक (Minimum Qualifying Marks) – 49.64 होता है।

शेष कोटियों के कट–ऑफ अंक यथावत रहेंगे।

31.1.19

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना